संख्या-5/1/2017-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 28 फरवरी, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - जनवरी, 2017

जनवरी, 2017 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1 अंक घटकर 274 (दो सौ चौहत्तर) अंक के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में दिसम्बर, 2016 एवं जनवरी, 2017 के बीच 0.36 प्रतिशत की कमी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच स्थिर थी।

सूचकांक में दर्ज कमी में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 1.49 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में अरहर दाल, काला चना, चना दाल, मसूर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, मूंगफली का तेल, प्याज, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूल गोभी, पालक, मटर, आलू, टमाटर, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, गेहूँ व गेहूँ आटा, नारियल का तेल, मछली ताजा, बकरे का मांस, पोल्ट्री (चिकन), दूध, भिण्डी, नारियल, सेब, चीनी, पान तैयार, पेट्रोल, इत्यादि ने सूचकांक में कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 2.23 प्रतिशत तथा गत वर्ष के जनवरी, 2017 माह के 5.91 प्रतिशत की तुलना में इस माह 1.86 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 0.67 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 7.61 प्रतिशत की तुलना में 0.34 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, राउरकेला के सूचकांक में 9 अंक की अधिकतम कमी. रही जिसके बाद कोडरमा और रानीगंज (8 अंक प्रत्येक) तथा लबाक-सिल्चर, सिलिगुड़ी और गिरिडीह (6 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 3 केन्द्रों में 5 अंक, 1 केन्द्र में 4 अंक, 11 केन्द्रों में 3 अंक, 5 केन्द्रों में 2 अंक तथा 17 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरित, एरनाकुलम, क्विलोन और श्रीनगर में अधिकत्तम (6 अंक) तथा पुडुचेरी, तिरूचीरापल्ली, हिमाचल प्रदेश एवं गोवा में (5 अंक प्रत्येक) की वृद्धि पाई गई। अन्य 5 केन्द्रों में 3 अंक, 6 केन्द्रों में 2 अंक तथा 3 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 14 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

33 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 42 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। जालंधर, विशाखापतनम और लुधियाना केन्द्रों का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी फरवरी, 2017 माह के लिए दिन शुक्रवार, मार्च 31, 2017 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(श्याम सिंह नेगी)
उप महा निदेशक